in which the Functional Scheme has been introduced. Remedial measures are taken whenever any difficulty comes to notice. Experience has shown that the system is sound and has resulted not only in increased disposal of assessment and collection of taxes but also in adequate and timely attention being paid to other important aspects of work like rectification of mistakes, giving effect to appeal orders, audit objections, e.c.

बिहार में परिवार नियोजन कार्यक्रम

10087. **श्री हुकम चन्द कछवाय** : क्या **स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन और निर्माण, आवास तथा नगरीय विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय बिहार में ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों में कितने परिवार नियोजन केन्द्र कार्य कर रहे हैं ;

(ख) राज्य में परिवार नियोजन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये वित्तीय वर्ष 1969-70 में सरकार ने कितना व्यय किया ; और

(ग) वित्तीय वर्ष 1970-71 में इस राज्य के ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों में कितने नये केन्द्र खोलने का विचार है और इस सम्बन्ध में सरकार द्वारा अनुमानतः कितना व्यय किये जाने की सम्भावना है ?

स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन और निर्माण, आवास तथा नगरीय विकास मंत्रालय में राज्य मन्त्री (डा० श्रीपति चन्द्रशेखर) : (क) बिहार से परिवार नियोजन के लिए कार्य कर रहे केन्द्रों की संख्या इस प्रकार है :—

नगरीय केन्द्र	87
ग्रामीण केन्द्र	
मुख्य केन्द्र	587
उप-केन्द्र	2881

(इसमें स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत खोले गये 1761 केन्द्र भी शामिल हैं)

(ख) राज्य सरकार द्वारा 1969-70 में किए गये खर्च के आंकड़े अभी उपलब्ध नहीं हैं। इस वर्ष के दौरान परिवार नियोजन कार्यक्रम की क्रियान्विति के लिए केन्द्रीय सहायता के रूप में 192.92 लाख रुपये स्वीकृत किये गये थे।

(ग) 1970-71 के दौरान राज्य में 260 नये ग्रामीण उप-केन्द्र खोलने का विचार है। 1970-71 में परिवार नियोजन कार्यक्रम की क्रियान्विति के लिए राज्य सरकार को 292.89 लाख रुपये की राशि नियत की गई है। इसमें नये उप-केन्द्रों को खोलने के लिए 5.02 लाख रुपये शामिल हैं।

उत्तर प्रदेश में परिवार नियोजन कार्यक्रमों पर 1969-70 में हुआ व्यय

10088. **श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन और निर्माण, आवास तथा नगरीय विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय उत्तर प्रदेश के ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों में कितने परिवार नियोजन केन्द्र कार्य कर रहे हैं ;

(ख) राज्य में परिवार नियोजन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वित्तीय वर्ष 1969-70 में सरकार ने कितना व्यय किया ; और

(ग) वित्तीय वर्ष 1970-71 में राज्य के ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों में कितने नये केन्द्र खोलने का विचार है और इस सम्बन्ध में सरकार द्वारा अनुमानतः कितना व्यय किये जाने की सम्भावना है ?

स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन और निर्माण, आवास तथा नगरीय विकास मंत्रालय में राज्य मन्त्री (डा० श्रीपति चन्द्रशेखर) : (क) राज्य में परिवार नियोजन के लिए कार्य कर रहे केन्द्रों की संख्या इस प्रकार है :—

नगरीय केन्द्र	209
ग्रामीण मुख्य केन्द्र	875
उह-केन्द्र	4765

(इनमें स्वास्थ्य कार्यक्रम में खोले गये 2625 उप-केन्द्र भी शामिल हैं)